तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हिम्मत सिंह गहलोत** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड़ अधिकारी जोधपुर उत्तर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353701245452254	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18/03/26	अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चोखा बाइपास रोड, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी जोधपुर उत्तर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 19.02.2026 कार्यालय अधिशाषी अभियंता, पीडब्ल्युडी नगर खण्ड, जोधपुर द्वारा जारी दिनांक 21.01.2026 के पत्र क्रमांक 9400 (ग्राम मंडोर खसरा संख्या 2062/1565– "गैर मुमकिन सड़क") की प्राप्ति की डायरी संख्या/दिनांक एवं अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी जोधपुर उत्तर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी जोधपुर उत्तर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी जोधपुर उत्तर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.18 12:38:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21126845